

SHRI MUKUND NAYAK

Shri Mukund Nayak is a singer, dancer, musician and poet born in Ghasi Tribe, a long line of traditional Jharkhandi musicians, surrounded by the rhythms and melodies of native Jharkhand. Shri Nayak has been an ambassador of Jharkhandi music, dance and culture for over four decades.

2. Born on October 15, 1949, Shri Nayak appeared in B.Sc. from Ranchi University, he also worked as a senior tester/chemical analysis of steel quality control department in Usha Martin Black Ltd. Ranchi from 1974-79, then joined the Government service as a Nagpuri Organiser, Song and Drama Section, Department of Information and Public Relations, South Chotanagpur Division, Government of Bihar — Jharkhand; 1979-2009. He has been a regular performer of Nagpuri songs and dances for All India Radio, Ranchi and Doordarshan since 1974.

3. Shri Nayak is the Founder-Director of "KUNJBAN", Training school and performance Troupe of Nagpuri music and dance, Ranchi (Jharkhand) India, Member of executive committee and governing body of N.C.Z.C.C., Allahabad and E.Z.C.C., Kolkatta, Member of Asia Pacific Dance Alliance and world Dance alliance, Member of Jharkhand film Development Corporation Ltd., empanelled with Indian Council for cultural Relations, New Delhi.

4. Shri Nayak is an ambassador of Jharkhandi music, dance and culture. He has travelled throughout India, Asian continent, European Union and North America introducing audiences to the rhythms and tradition of Jharkhand, that include artists in residence in the University of Harvard, Brown and South Carolina, U.S.A. As a music director, he has to his credit "Akhri Manjil" by I.P.R.D Govt of Bihar, "Jhare Banse" by theatre centre Kolkatta, "Sakuntala" by National school of Drama, First Nagpuri Feature film "Sona Kar Nagpur", Music of Chotanagpur (Vocal and instrumental music) and 16 audio cassettes by H.R.D.A. Govt of Bihar. He has directed dances of Chotanagpur video cassette of Tribal and folk dances by H.R.D.A. Govt of Bihar. He has composed and collected numerous Nagpuri Folk songs and dozens of audio cassettes of solo songs. He has been the Research advisor for the Project "Karam Music of Chotanagpur and music and dance in the lives of Nachnis" funded by Fulbright Hays and American Institute of Indian Studies U.S.A.

5. Shri Nayak has been awarded as Jharkhand Ratan, Bivuti of Jharkhand, life time achievement award for Jharkhandi Culture and many cultural awards by Government of Jharkhand and appreciations of socio cultural organizations of India and abroad.



श्री मुकुन्द नायक

श्री मुकुंद नायक गायक, नर्तक, संगीतज्ञ एवं कवि हैं। आपका जन्म घासी जनजाति के एक परंपरागत झारखंडी संगीतज्ञों के परिवार में हुआ एवं अपने गृह भूमि झारखंड के गीत-संगीतमय वातावरण में ही आपका लालन-पालन हुआ। आप चार दशकों से झारखंडी संगीत, नृत्य एवं संस्कृति के अम्बेस्डर रहे हैं।

2. आपका जन्म 15 अक्तूबर, 1949 को हुआ। आपने रांची विश्वविद्यालय में स्नातक, विज्ञान की परीक्षा दी। आपने उषा मार्टिन ब्लैक लिमिटेड, रांची में इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में वरिष्ठ टेस्टर/केमिकल एनेलाइसिस के पद पर वर्ष 1974-79 तक कार्य किया, इसके बाद सांग एंड ड्रामा सेक्सन, सूचना एवं जन संपर्क दक्षिणी छोटा नागपुर प्रभाग, बिहार सरकार-झारखंड, में नागपुरी आर्गेनाइसर के पद पर सरकारी सेवा में वर्ष 1979 से 2009 तक (अब सेवानिवृत) कार्यरत रहे। आप वर्ष 1974 से लेकर वर्तमान समय तक आकाशवाणी, रांची के लिए नियमित रूप से नागपुरी गीत प्रस्तुत करते रहे हैं।

3. आप रांची (झारखंड), भारत में नागपुरी संगीत एवं नृत्य के प्रशिक्षण विद्यालय एवं प्रस्तुति मंडली, 'कुंजबन' के संस्थापक है। आप एन जी जेड सी सी, इलाहाबाद की कार्यकारी समिति एवं शासकीय निकाय के सदस्य हैं और ई.जेड.सी.सी. कोलकाता के सदस्य हैं, एशिया पेसिफिक डांस अलायंस एवं वर्ल्ड डांस अलायंस के सदस्य हैं। आप झारखंड फिल्म विकास निगम लिमिटेड के सदस्य हैं, आप भारतीय, सांस्कृतिक संबंध परिषद के पैनेल में भी रहे हैं।

4. आप झारखंडी संगीत, नृत्य एवं संस्कृति के अम्बेस्डर हैं। आपने झारखंड के संगीत और परंपरा से लोगों को साक्षात् कराने हेतु संपूर्ण भारत, एशिया महाद्वीप, यूरोपीय संघ और उत्तरी अमेरिका की यात्रा की है, जिसमें हारवर्ड, बॉउन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिणी केरोलिना के विश्वविद्यालयों में आर्टिस्ट इन रेसिडेंस के रूप में रहना भी शामिल है। संगीत निदेशक के रूप में आई पी आर डी बिहार सरकार द्वारा "आखिरी मंजिल", थिएटर सेंटर कोलकाता द्वारा "झारे बांसे", राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा "शकुंतला", "सोना कार नागपुर" नामक प्रथम नागपुरी फीचर फिल्म, एच आर डी ए, बिहार सरकार द्वारा छोटानागपुर का संगीत (गायन एवं नाट्य संगीत) के 16 ऑडियो कैसेट्स के रूप में आपकी उल्लेखनीय कृतियां हैं। आपने एच आर डी ए, बिहार सरकार द्वारा जनजातीय एवं लोकनृत्यों के छोटानागपुर वीडियो कैसेट्स का निर्देशन किया है। आपने कई एक नागपुरी लोक गीतों और एकल गानों के दर्जनों ओडियो कैसेट्स की रचना एवं संग्रह किया है। आप फुलब्राइट हेज और अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज, यू एस ए द्वारा निधि पोषित, 'करम म्यूजिक ऑफ छोटानागपुर एंड म्युजिक एंड डांस इन द लाब्स ऑफ नाचनिस" एवं प्रोजेक्ट के अनुसंधान सलाहकार रहे हैं।

5. आपको झारखंड रत्न पुरस्कार, झारखंड की विभूति, झारखंड संस्कृति हेतु लाइफ टाइम एचिवमेंट पुरस्कार एवं झारखंड सरकार के कई सांस्कृतिक पुरस्कारों तथा भारत एवं विदेश में सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों द्वारा अभिनंदनों से सम्मानित किया जा चुका है।